# विश्व में शांति, सामंजस्य और सौहार्द, जीव मात्र का कल्याण हो इसी भावना से विद्यार्थियों ने किया नमस्कार महामंत्र का जाप



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** तेरापंथ भवन में जीतो की ओर से विश्व कल्याण के अभियान के तहत नमस्कार महामंत्र का जाप किया गया। पूरे विश्व में शांति, सामंजस्य और सौहार्द, जीव मात्र का कल्याण हो इसी भावना से मंत्र का जाप किया। सर्वप्रथम कन्या मंडल की ओर से नमस्कार महामंत्र की मुद्राओं से कार्यक्रम का मंगलाचरण किया गया। जाप के इस अनुष्ठान में भावीपीढ़ी को पूरा विश्व एक परिवार है। वासुदेव कुटुंबकम की भावना बच्चों में भी आए इसी उद्देश्य से किड्स होम के नन्हे नन्हे बच्चों ने भी जाप किया। अणुव्रत अध्यक्ष रचना कोठारी ने बताया कि इस मंत्र में हम किसी भी धर्म विशेष अथवा व्यक्ति विशेष की आराधना नहीं करते हैं बल्कि इस संसार में जितने भी अरिहंत मौजूद है। जिन्होंने चार घाती कर्म का नाश किया हो उन्हें वंदन करते हैं। नमो सिद्धाणं में सभी सिद्ध मुक्त बुद्ध आत्माओं को वंदन करते हैं नमो आयरियाणं में उन सभी आचार्यों को वंदन करते हैं जो हमें नैतिक धार्मिक मार्ग बदलाते हैं व नमो उवज्झायाणं में उन सभी उपाध्यायों को वंदन करते है। जो आचार्य की ओर से निर्देशित मार्ग का अध्ययन और अध्यापन करते हैं और करवाते है। सभा के अध्यक्ष नरेंद्र कोठारी की उपस्थिति में सारा कार्यक्रम बड़े ही आनंदपूर्वक संपन्न हुआ। सभा के मंत्री हेमंत पारख, डॉ मांगीलाल जी श्याम सुखा, तेरापंथ सभा के संरक्षक सुरेश बेद, दुलीचंद मणोत, राजेंद्र कुमार सिंह, एडवोकेट आनंद बालन, अणुव्रत समिति के मंत्री ताहिर खान, बसंत सिंगी, जगत बाठिया, शांतिलाल पारख, शुभकरण कोठारी, उमराव कोठारी, श्रवण कोठारी, विकासबाठिया, राजू सुराणा, प्रताप सुराणा, शांतिलाल, कोठारी, छतर सिंह डागा, राजकुमार कोठारी, प्रदीप सरावगी, सुनील सरावगी, विपिन जैन, सौरभ जैन, सुनील जैन, राजकुमार सिकरिया, औरत कोठारी, प्रताप सुराणा, राजू सुराणा, पारस कोठारी, शांतिलाल कोठारी, पवन नाहटा, श्री जैन सितंबर के प्रिंसिपल प्रेम सिंह राठौड़, किड्स होम के प्रिंसिपल घनश्याम शर्मा, अजय शर्मा, सुनील शर्मा, नवनीत शर्मा, विनोद शर्मा, रोहित पांडे, महेश शर्मा, हरदीप प्रजापत आदि मौजूद रहे। महिलाओं ने भी इस अनुष्ठान में अपनी भागीदारी निभाई मुन्नी देवी डागा, सुशीलाकोठारी, उर्मिला बांठिया, सीमा कोठारी, अनीता पारेख, झंकार देवीकोठारी, पदमा बाठिया, विमला बेद, हेमा बैद, लीला श्याम सुखा, संध्या जैन, संजू सिकरिया, प्रीति सिकरिया, सुमन कोठारी, कन्या मंडल से आयुषी कोठारी, जयश्री पारख, शीतल, भावना, एकता, ममता , दिशा व देशना सरावगी,नेहा हजारीवाल, सुमन शर्मा, जनक कंवर, सना कुरेशी, पायल लुणावत, मीनाक्षी टाक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति अध्यक्ष रचना कोठारी ने किया।

## सांसद राहुल कस्बा का स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** जिला मुख्यालय रैगर बस्ती बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण में रैगर समाज ने सांसद राहुल कस्वा का कल देर शाम को स्वागत किया। राष्ट्रीय रैगर महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बाकोलिया ने समाज के प्रमुखजनों के साथ अभिनंदन कर मांग रखी। इस पर सांसद ने, समाज के व्यक्तियों को आश्वासन दिया। इस अवसर पर मोहनलाल आर्य, पूर्व अध्यक्ष लालचंद सैनी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान, योगेश ढाका आसिफ खान, मुश्ताक पीठीसर, रामचंद्र बाकोलिया, महेन्द्र बाकोलिया, सत्यनारायण बाकोलिया आदि मौजूद रहे।

# आरएससीआईटी ज्ञान केंद्रों का सम्मान समारोह आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** होटल सनसिटी पैलेस में आरकेसीएल के सेवा प्रदाता एसएलवी इंफोटेक ने ज़िले में आरएससीआईटी कोर्स करवाने वाले सभी ज्ञान केंद्रों का वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह किया। आयोजन में करीब 60 सेंटरों ने सहभागिता की। एसएलवी केनिदेशक ओपी पुरोहित ने पिछले वर्ष की तमाम गतिविधियों के बारे में विस्तार से चर्चा कर भविष्य की योजनाओं को सांझा किया। निदेशक पुरोहित ने सभी ज्ञान केंद्रों को अपनी कार्यशैली में बदलाव लाने के बारे में विस्तृत चर्चा भी की और आईटी क्षेत्र में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तनो के अनुसार ढ़लने पर जोर दिया। इस मौके पर जिले के 9 सर्वश्रेष्ठ ज्ञान केंद्रों को पुरस्कृत किया। इनमें से तीन ज्ञान केंद्र पहले से ही इस वर्ष राज्य स्तर पर भी सम्मान प्राप्त कर चुके है। इस अवसर पर आरकेसीएल की ओर से रीजनल मैनेजर नरेंद्र धायल व विशाल चक्रवर्ती ने आने वाले नए टेक्निकल कोर्सेज के बारे में बताया।

ज्ञात रहे की वर्तमान में समस्त राजस्थान में 75000 से अधिक महिलाएं महिला विभाग के सौजन्य से फ्री आरएससीआईटी कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। जिसमें सरकारी कर्मचारियों को फीस पुनर्भरण के आधार पर फ्री आरएससीआईटी का प्रशिक्षण दिया जाता है। निदेशक ओपी पुरोहित ने यह भी बताया कि राज्य के अधीनस्थ सेवाओं के लिए आरएससीआईटी एक अनिवार्य शिक्षण योग्यता है। समारोह में ज्ञान केंद्रों के साथ जिला कॉर्डिनेटर पंकज पारीक, नेमाराम और डीपीओ कैलाश आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गांरटी योजना में नियोजित श्रमिकों के कार्य समयावधि निर्धारित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गांरटी योजना में नियोजित श्रमिकों के कार्य समयावधि निर्धारण एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार ग्रीष्म ऋतु में तापमान वृद्धि के दृष्टिगत श्रमिकों के कार्य निर्धारण किया जाता है। प्रभारी अधिकारी सहायता एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने बताया कि नियोजित श्रमिकों के आवश्यकतानुसार विश्राम काल रहित अवधि प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि आयुक्त नगर परिषद एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बाड़ी, बसेड़ी, राजाखेड़ा, सैपऊ एवं सरमथुरा को श्रमिकों के कार्य समय में परिवर्तन तथा लू एवं ताप से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर श्रमिकों के लिए स्वच्छ पेयजल, छाया, महिला श्रमिकों के साथ छोटे बच्चों की देखभाल के लिए नियमानुसार श्रमिक नियोजन तथा प्राथमिक उपचार के लिए मेडिकल किट बॉक्स जिसमें इलेक्ट्राल, ग्लूकोज एवं अन्य दवाईयों की पर्याप्त व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में प्रवेशोत्सव मनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चूरू में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया स इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए प्राचार्य, कृष्ण सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। प्रचार्य ने छात्रों को विद्या प्रवेश, फोनिक्स आधारित पुस्तक एवं अन्य अध्ययन सामग्री वितरित की। मुख्याध्यापक मनीष कुमार शर्मा ने प्राथमिक विभाग की अध्यापन गतिविधियों से अवगत कराते हुए नयी शिक्षा नीति आधारित बिंदुओं पर चर्चा की। अभिभावकों एवं नव आगंतुक छात्रों ने विद्यालय भ्रमण किया और शेल्फी पॉइंट पर शेल्फी ली। इस अवसर पर प्रवेश प्रभारी संजय कुमार एवं सभी प्राथमिक शिक्षक सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

### पेंशनर्स समाज श्रीडूंगरगढ़ ने सौंपा ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** केंद्र सरकार के नए वित विधेयक में पेंशनरों के हितों पर कुठाराघात करने वाले प्रावधानों के खिलाफ अपना आक्रोश की अभिव्यक्ति हेतु तहसील के पेंशनरों ने पेंशनर्स भवन में एक बैठक का आयोजन रखा गया। सभी पेसनरों द्वारा इस काले कानून की घोर भर्तसना की गई। बैठक की अध्यक्षता बीकानेर जिला उपाध्यक्ष श्याम महर्षि ने की। आयोजित बैठक में अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि यह काला कानून तो पेशनर्स के लिये बड़ा झटका है, सरकार को इस वित विधेयक के प्रावधानों को पुनर्विचार कर वापिस लेने की आवश्यकता ही समाधान है। स्थानीय शाखा के मंत्री पेंशनर्स के हित के लिए सदैव संघर्ष करने वाले सत्यनारायण योगी ने भी कहा कि अगर केंद्र सरकार इस काले कानून को वापिस नहीं लेगी तो पूरे प्रदेश के पेंशनर्स को आंदोलनात्मक रूख अपनाने को मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस आज के ज्ञापन दिये जाने के बाद आगे चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को बढाया जायेगा। उपाध्यक्ष सत्यदीप भोजक ने कहा कि वित विधेयक पेंशनरों को अपने हितों के विरूद्ध हुए काले फैसले के विरूद्ध सड़क पर उतरना होगा और आमरण अनशन पर उतरना होगा,पूर्व अध्यक्ष भंवर भोजक ने पेशनरों को एकजुटता रखने का आह्वान किया। अपने विचार रखते हुए डालूराम ने कहा कि पेंशनरों के हितों के विरूद्ध पारित विधेयक विरोध हमारा मौलिक अधिकार है। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार की आयेगी। बैठक समापन के उपरांत तय हुआ कि इस काले वित विधेयक के खिलाफ उपखंड अधिकारी को केंद्र सरकार तक पेंशनरों की आवाज पहुंचाने ज्ञापन दिया जाये।सभी ने सर्व सम्मति से इसे स्वीकृति दी। उपखंड अधिकारी श्रीडूंगरगढ को ज्ञापन प्रस्तुत करने हेतु तय प्रतिनिधि मंडल में भंवरभोजक,दीपचंद,गोपीराम नाई, थानमल भाटी,भवानीशंकर स्वामी, रामनिवास पूनिया, डूगरराम गोदारा, नारायण नाई, हरफूल सिंह, लक्ष्मीनारायण दर्जी, सीताराम स्वामी व सत्यदीप व अन्यान्य पेशनर्स शामिल रहे। उन्होंने पेंशनर्स हित के खिलाफ विरोध प्रस्ताव ज्ञापन सौंपा।

### 13 अप्रैल को धूमधाम से निकाली जाएगी श्री रामोत्सव धर्मयात्रा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** श्री रामोत्सव धर्मयात्रा समिति द्वारा 13 अप्रेल को एक विराट धर्मयात्रा आयोजित की जाएगी। ये जानकारी श्री रामोत्सव धर्मयात्रा समिति के सरंक्षक राजकुमार सरावगी ने अपने निवास स्थान पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी। धर्मयात्रा समिति के संयोजक बजरंग स्वामी ने बताया कि श्री रामनवमी और श्री हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में संयुक्त विराट धर्मयात्रा निकाली जाएगी। राष्ट्रीय स्वयं संघ सेविका नेहा सरावगी ने बताया कि धर्मयात्रा श्री बाल कृष्ण बिहानी स्टेडियम से रवाना होकर मुख्य मार्गों से होती हुई प्राचीन पचीसिया संस्कृत पाठशाला पहुंचेगी ।समिति के गौरी शंकर गोल्यान ने बताया कि धर्मयात्रा में बड़ी संख्या में सनातनी बंधु हाथ में भगवा पताका लिए भाग लेंगे । राजकुमार सरावगी ने बताया की धर्मयात्रा को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही है। धर्मयात्रा हेतु पूरे क्षेत्र में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इन्होंने बताया की यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगी। समिति ने महिलाओं को जोड़ने की ज़िमेदारी नेहा सरावगी को सौंपी है। इसके लिए नेहा सरावगी, पारुल सरावगी और अंकिता सरावगी अपनी टीम सहित महिलाओं से संपर्क कर रही हैं।

# फुलेरा में 'ई-कर अधिकारी प्रणाली' का सफल आयोजन

## व्यापारियों को कर मामलों में मिलेगी डिजिटल सुविधा, पारदर्शिता और समय की बचत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** राजस्थान वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा शुरू की गई ई-कर अधिकारी प्रणाली, का आयोजन फुलेरा व्यापार महासंघ के तत्वावधान में किया गया। इस नई डिजिटल प्रणाली का उद्देश्य करदाताओं को जीएसटी से संबंधित नोटिसों का उत्तर, दस्तावेज़ अपलोड और विभाग से संवाद जैसे कार्य घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से करने की सुविधा प्रदान करना है। इस अवसर पर उपायुक्त विजय सिंह, सहायक उपायुक्त मनोज गोरा, राज्य कर अधिकारी अजय कुमार मीणा, हरमोहन सिंह, कर सहायक विजय सिंह, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा, तथा क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठित व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने व्यापारियों को इस प्रणाली की प्रक्रिया और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह सुविधा कर प्रक्रिया को पारदर्शी बनाएगी और व्यापारियों को विभागीय कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाएगी। व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रणाली व्यवसायियों के लिए राहतभरी है, इससे समय की बचत होगी और कर व्यवस्था में विश्वास बढ़ेगा।

# फुलेरा में पेंशनर्स का प्रदर्शन, 8वें वेतन आयोग से बाहर रखने पर केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश

## प्रधानमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा गया विरोध पत्र




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** 8वें वेतन आयोग से पेंशनर्स को बाहर रखने के केंद्र सरकार के निर्णय के खिलाफ बुधवार को फुलेरा में पेंशनर्स का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं वरिष्ठ नागरिक सड़कों पर उतरे और सरकार के फैसले को पेंशनर्स के साथ अन्याय करार दिया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सीसीए पेंशन संशोधन विधेयक का भी विरोध किया। उनका कहना था कि यह विधेयक पेंशनर्स के मौलिक अधिकारों का हनन करता है और उनकी आर्थिक सुरक्षा को खतरे में डालता है। पेंशनर्स ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती देने के सरकार के प्रयासों की भी कड़ी आलोचना की। उनका मानना है कि यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता का अपमान है और सरकार को अदालत के निर्णयों का सम्मान करना चाहिए। रैली के बाद प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी को सौंपा, जिसमें पेंशनर्स को 8वें वेतन आयोग में शामिल करने, सीसीए पेंशन संशोधन विधेयक को वापस लेने और न्यायिक फैसलों को सम्मानपूर्वक लागू करने की मांग की गई।

# पोषण रैली व संवाद का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे पोषण पखवाड़े में धौलपुर में पोषण रैली व संवाद का आयोजन किया गया। रैली को सीडीपीओ कार्यालय से विभाग के उपनिदेशक धीरेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित महिला कार्मिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्राम स्तर तक पोषण और स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण कड़ी है। अब आवश्यकता इस बात की है हम गृह भ्रमण के दौरान जन जन तक पोषण अभियान के सन्देश को ले जाएं। साथ ही उक्त पखवाड़े के दौरान बच्चों की ठीक प्रकार से वजन व ऊंचाई लेकर पोषण ट्रेकर पर सही प्रविष्टि करें। प्रत्येक माता और बच्चे को विभागीय सेवाओं का लाभ सुनिश्चित करें। विभाग के सीडीपीओ भूपेश गर्ग ने पोषण पखवाड़े की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शहर क्षेत्र की आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताओं द्वारा सीडीपीओ कार्यालय में पोषण रंगोली बनाई। कार्यक्रम में विभाग की महिला पर्यवेक्षक प्रभा झा, अंकुर शर्मा, नरेंद्र मीना, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विजय निर्वाण व शहरी क्षेत्र की कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं।

# जिला कलक्टर ने की पंचायत समिति बसेड़ी में जनसुनवाई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** उपखंड स्तरीय जनसुनवाई के साथ अटल जन सेवा शिविर का आयोजन जिले के सभी उपखण्डों पर हुआ। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में बसेड़ी उपखण्ड के पंचायत समिति सभागार में अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी परिवादों का यथा संभव समाधान किए जाने हेतु निर्देशित किया जिससे अधिकतम परिवादी संतुष्ट हो सकें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने कृष्णा कॉलोनी में सीसी खरंजा निर्माण कराने के संबंध में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने परिवादी संत सिंह के राशन आवंटन में आ रही समस्या के निस्तारण हेतु जिला रसद अधिकारी को निर्देश दिए। वहीं नगर पालिका क्षेत्र के भवनपुरा में विद्युत पोल एवं तारों को दुरस्त कराए जाने के संबंध में जेवीवीएनएल को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके। उन्होंने परिवादी भूरी सिंह के खातेदारी भूमि पर अतिक्रमण के मामले में उपखण्ड अधिकारी बसेड़ी को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना भी परिवादी को देना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान बसेड़ी विधायक संजय कुमार, उपखण्ड अधिकारी सुधारानी मीना सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# गर्मी में आमजन बरतें एहतियात, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** भीषण गर्मी में लू-तापघात की संभावना बढ़ गई है। ऐसे में चिकित्सा विभाग की ओर से आमजन के लिए गर्मी से बचाव की एडवायजरी जारी की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि जिले सहित प्रदेश भर में भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में स्वास्थ्य की दृष्टि से लू-तापघात से बचाव के लिए एहतियात बरतें। प्रदेश में बढ़ रही गर्मी के चलते आमजन को विशेष एहतियात बरतने की अपील की है। इन दिनों अत्यधिक गर्मी व लू-तापघात होने से आमजन चपेट में आ सकते हैं, खासकर हाइरिस्क वाले लोगों को खास ख्याल रखने की जरूरत है उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अस्पतालों में रोगियों के उपचार के लिए अग्रिम रूप से इंतजाम, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओआरएस, ड्रिप सेट, सहित अन्य आवश्यक दवाइयां रखने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी से होने वाली बीमारियां जैसे उल्टी, दस्त, पीलिया, आंत्र दोष एवं अन्य मौसमी बीमारियों के रोगियों की सतर्कता से निगरानी रखें एवं उपचार उपलब्ध करवाएं।

**यह है लक्षण :** उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा ने बताया कि शरीर में लवण व पानी अपर्याप्त होने पर विषम गर्म वातावरण में लू व तापघात से सिर का भारीपन व अत्यधिक सिरदर्द होने लगता है। इसके अलावा अधिक प्यास लगाना, शरीर में भारीपन के साथ थकावट, जी मिचलाना, सिर चकराना व शरीर का तापमान बढना, पसीना आना बंद होना, मुंह का लाल हो जाना, त्वचा का सूखा होना, अत्यधिक प्यास का लगना व बेहोशी जैसी स्थिति का होना आदि लक्षण आने लगते हैं। उन्होंने बताया कि लू-तापघात के लक्षण दिखाई देने पर रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लिटा दें। रोगी को होश मे आने की दशा मे उसे ठण्डा पेय पदार्थ पिलाएं। उन्होंने बताया कि यदि उक्त सावधानी के बाद भी मरीज ठीक नहीं होता है, तो उसे तत्काल निकट की चिकित्सा संस्थान ले जाया जाए।

**जरूरी है सावधानी :** उन्होंने आमजन से भीषण गर्मी के चलते अहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जहां तक सम्भव हो धूप में न निकलें, धूप में शरीर पूर्ण तरह से ढका हो। आमजन जब भी बाहर निकलें, छाता व पानी आदि की व्यवस्था अनुरूप घर से निकलें। धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़ों का उपयोग करें। बहुत अधिक भीड़ व गर्म घुटन भरे कमरों से बचें। बिना भोजन किए बाहर न निकलें। गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर को गमछे या तौलिये से ढक कर ही जरूरी होने पर बाहर निकलें। रंगीन चश्मे एवं छतरी का प्रयोग करें। गर्मी मे हमेशा पानी अधिक मात्रा मे पिएं एवं पेय पदार्थों जैसे नींबू पानी, नारियल पानी, जूस आदि का प्रयोग करें।

# उत्सव फटकारो मोरछड़ी कार्यक्रम 13 को



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** श्रीजैन गेस्ट हाउस में श्रीश्याम अखण्ड ज्योत पाठ समिति की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में 11 वां उत्सव फटकारो मोरछड़ी को आयोजन की कड़ी में नागवाणों के नोहरे में श्रीश्याम अखण्ड ज्योत पाठ 13 अप्रैल को आयोजित होगा। 12 अप्रैल को शाम श्याम बाबा छोटी काशी चूरू में नगर भ्रमण करेंगे। पाठ समिति की बुधवार को हुई बैठक में आयोजक मण्डल सदस्यों ने आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की। बैठक में बताया गया कि रविवार को पाठ रचियता श्रीचन्द शर्मा तथा खाटूश्याम के महंत मोहनदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित श्रीश्याम अखण्ड ज्योत पाठ का शुभारंभ सुबह 9.15 बजे ज्योत प्रज्जवलन के साथ होगा। पूजा-अर्चना के बाद सुबह 10.15 बजे पाठ शुरू होगी जो देर शाम तक चलेगा। रात सवा 9 बजे महाआरती होगी। इस दौरान इत्र वर्षा, अखण्ड ज्योत, छप्पन भोग और बाबा का दरबार सजेगा। पाठ के अवसर पर शिव आराधना, बरात स्वागत, भीम विवाह, कन्यादान, श्याम जन्मोत्सव, बधाई गीत आदि पर नृत्य नाटिका आदि के माध्यम से श्याम बाबा की आराधना होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### हिंदुस्तान स्काउट गाइड के कुछ पल बेजुबानों के लिए परिंडा अभियान का शुभारंभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय झुंझुनूं द्वारा बढ़ती भीषण गर्मी को देखते हुए कुछ पल बेजुबानों के लिए परिंडा अभियान का शुभारंभ जिला मुख्यालय परिसर में तहसीलदार अभिषेक मीणा की उपस्थिति में किया गया। खुशबू दानोदिया ने बताया कि बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान जिला मुख्यालय झुंझुनूं द्वारा पक्षियों के लिए कुछ पल बेजुबानों के लिए परिंडा अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्काउट गाइड एवं रोवर रेंजर द्वारा परिंडे लगाए जाएंगे। इस अवसर पर तमन्ना कुमावत, प्रियंका कुमारी, नीलम जांगिड़, सीमा, अंकित सैनी साहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री कटारिया आए झुंझुनूं

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता लालचंद कटारिया बुधवार को झुंझुनूं पहुंचे। यहां उन्होंने राज्य हज कमेटी के निवर्तमान सदस्य रियाज फारूकी के निवास स्थान पर पहुंचकर उनकी माताजी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुऐ शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा के सक्रिय नेता डॉ. विनोद पूनियां भी साथ आए थे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद बाबू भाई, भंवर खान, संजय पारीक, हज कमेटी के जिला संयोजक मतलूब खान चायल, समाजसेवी मोहम्मद तारिक उर्फ मुन्नू भाई, महेश शर्मा, शरीफ भाई कुरैशी, सगीर भाई, याकूब भाई राईन, यासीन कुरैशी, अनीस फारुकी, नदीम फारुकी, यासीन फारुकी तथा सक्रिय समाजसेवी श्रीचंद झाझड़िया भी मौजूद रहे।

### विद्यालय का किया निरीक्षण, बेहतर शिक्षा पर जोर दिया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गुढ़ागोड़जी।** टोडी गुढ़ागौड़जी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा सप्ताह के तहत विशेष निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए विभिन्न सुझावों व संभावनाओं पर गंभीरता से चर्चा की गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष लीलाधर डूडी, मंडल संयोजक सुखवीर गढ़वाल, उपाध्यक्ष सचिन भूरिया की विशेष उपस्थिति रही। विद्यालय की प्राचार्या रंजना मौर्य एवं समस्त अध्यापकगण भी इस मौके पर मौजूद रहे। भाजपा पदाधिकारियों ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, संसाधनों और विद्यार्थियों की आवश्यकताओं का निरीक्षण कर स्थानीय प्रशासन एवं समाज के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा, आवश्यक सुविधाएं व प्रेरक माहौल उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। यह पहल सेवा सप्ताह के अंतर्गत शिक्षा क्षेत्र में भाजपा की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह की पूर्व तैयारी को लेकर अंबेडकर भवन में महावीर सोनल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। गांव में प्रचार प्रसार के लिए कमेटी बनाई गई एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में रामनिवास जिनोलिया, डॉ. संपत बारूपाल, सुखदेव सरोवा, डॉ. महेंद्र सानेल, अरविंद बालोच, हरिश्चंद्र मालसर निशांत, सचिन रोहिल्ला, जितेंद्र लखटकिया, नेमा परमार, कृष्णा सिरोहा, अंकित सिरोहा आशीष आदि मौजूद रहे।

### आज आएंगे बसपा के जोन इंचार्ज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** 14 अप्रेल को बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की जयंती कार्यक्रम को बसपा की ओर से बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। आयोजन की पूर्व तैयारियों को लेकर गुरूवार को बसपा की महत्वपूर्ण बैठक सर्किट हाउस में होगी। जिलाध्यक्ष एडवोकेट धर्मपाल बंशीवाल ने बताया कि इस बैठक को बसपा के प्रदेश महासचिव तथा जोन इंचार्ज दईराम मेघवाल संबोधित करेंगे।

### डीजीएस व डीपीएस के विद्यार्थियों का सीनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में चयन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**डूंडलोद।** डूंडलोद गर्ल्स स्कूल बलवंतपुरा की छात्रा माही चौधरी, आराध्या, तृषा व वंशिका तथा डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद की छात्रा किन्जल, छात्र आदित्य सिंह मयंक, विराट शर्मा, पुनीत व भव्य का राज्य स्तरीय आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में चयन हुआ। खेल प्रभारी रमेश जांगिड़ ने बताया कि अब ये खिलाड़ी कोच इंदू गोदारा, प्रियंका व प्रतीक व्यास के निर्देशन में राजस्थान स्टेट जिम्नास्टिक ऐसोसिएशन के तत्वावधान में 10 से 13 अप्रेल तक आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चैनपुरा इंडोर स्टेडियम चैनपुरा जोधपुर जाएंगे। डीजीएस की प्राचार्या इंदू सोनी व डीपीएस डूंडलोद के प्राचार्य धनन्जय लाल ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय सचिव बीएल रणवां ने दोनों विद्यालयों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### पेंशनर्स समाज ने सौंपा ज्ञापन, केंद्र सरकार के विधेयक को बताया पेंशनर विरोधी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर राजस्थान पेंशनर समाज के आव्हान पर बाड़ी शाखा द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त



मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम के एक ज्ञापन उप जिला कलेक्टर भगवत शरण त्यागी को सौंपा है। जिसमें विधयेक को वापस लेने की मांग की है। बाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश चंद दीक्षित के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में पेंशनर समाज ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार ने पेंशनर्स को आठवें वेतन आयोग के लाभ से वंचित किया है साथ में पेंशनरों की सेवानिवर्ती तिथि के आधार पर वर्गों में बांटकर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन किया है और सर्वोच्च न्यायालय के संविधान पीठ के ऐतिहासिक निर्णय को चुनौती दी है,ऐसे में पेंशनर समाज देश के करोड़ों पेंशनरों के हितों पर इस विधेयक को कुठाराघात मानता है और केंद्र सरकार से अपील करता है,कि उक्त विधेयक को तुरंत वापस लिया जाए। उक्त विधेयक का पेंशनर समाज विरोध करता है। अगर सरकार ने इस विधेयक को वापस नहीं लिया तो पूरे पेंशनर समाज के पदाधिकारी और सदस्य राजस्थान की सड़कों पर दिखाई देंगे। विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन के दौरान वरिष्ठ पदाधिकारी वैद्य गिरीश कुमार शर्मा,नागेंद्र कुमार उपाध्याय,नरेंद्र किलेदार,किशन दयाल पचौरी सहित तमाम पेंशनर मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य सरकार उठा रही जरूरी कदम : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बिश्नोई मंदिर में किए दर्शन, शहीद नगर गुरूद्वारा साहिब में मत्था टेका





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**श्रीगंगानगर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को अपने दो दिवसीय हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर दौरे के तहत श्रीगंगानगर के बुड्ढा जोहड़ में श्री बिश्नोई मंदिर (डाबला) में दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की। इस दौरान शर्मा ने मंदिर परिसर में मौजूद आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए मां अमृता देवी ने जो बलिदान दिया था उसे आज भी सभी पूर्ण श्रद्धा भाव से नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि बिश्नोई समाज सदैव पर्यावरण संरक्षण के लिए अग्रणी रहता है तथा पशु-पक्षियों के लिए उनका त्याग व प्रेम का भाव भी अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी कदम उठा रही है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बुड्ढा जोहड़ के ही शहीद नगर गुरूद्वारा साहिब में मत्था टेका तथा वहां उपस्थित सेवादारों व जनसमूह से आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक, विधायक श्री गुरवीर सिंह बरार तथा बिश्नोई मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री अरविंद सियाग सहित मंदिर समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में दर्शनार्थी उपस्थित रहे।

# चतरपुरा और चिंचड़ौली के लोगों ने किया नई पंचायतों का विरोध

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों के पुर्नगठन के पहले चरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ड्राफ्ट जारी किया गया है। जिसके बाद झुंझुनूं में विरोध खड़ा हो गया है। बुधवार को झुंझुनूं जिले के चतरपुरा और चिंचड़ौली गांव के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर अलग-अलग प्रदर्शन कर कलेक्टर के समक्ष लिखित आपत्तियां दर्ज करवाई। वहीं आरोप लगाया कि राजनैतिक कारणों से उनके गांवों को गलत तरीके से जोड़ा—तोड़ा जा रहा है।

चिंचड़ौली गांव के लोगों ने बताया पहले वे भड़ौंदा खुर्द पंचायत में थे। लेकिन अब पुर्नगठन में चिचंड़ौली, मरोत और मरोत का बास को अलग करके मरोत को ग्राम पंचायत बनाया गया है। जो अव्यवहारिक है। उन्होंने बताया कि चिचंड़ौली अकेले गांव की जनसंख्या मरोत और मरोत का बास से ज्यादा है। चिंचड़ौली में सब सेंटर, आंगनबाड़ी, सीनियर सैकंडरी स्कूल है। मुख्य रोड पर स्थित है। ग्रामीणों ने विधायक राजेंद्र भांबू के समक्ष भी अपनी आपत्ति दर्ज करवाई है। ग्रामीणों ने कहा है कि यदि उनके गांव चिंचड़ौली को पंचायत मुख्यालय नहीं बनाया जाता है तो आंदोलन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि सरकार ऐसा नहीं कर सकती है तो उन्हें वापिस से भड़ौंदा खुर्द पंचायत में शामिल कर दिया जाए। इधर, चतरपुरा गांव के लोगों ने भी प्रदर्शन करते वक्त मरने तक की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने बताया कि पुनर्गठन से पहले वे पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि और जिला कलेक्टर रामावतार मीणा से मिले थे।

सभी ने आश्वस्त किया था कि उनकी नई ग्राम पंचायत दुराना बनाई जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब ना तो पूर्व सांसद मिल रहे है। और ना ही जिला प्रमुख मिल रहे है। फोन पर भी कोई जवाब नहीं दे रहे। उन्हें नौ किलोमीटर दूर भारू में शामिल कर दिया गया है। जबकि भारू से कोई सीधा रास्ता नहीं है। बीच में एक ग्राम पंचायत हेतमसर से होकर जाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने कहा कि हमें चाहे 30 दिन धरना देना पड़े या फिर जान देनी पड़े। हम भारू में शामिल नहीं होंगे। या तो उनकी दुराना पंचायत बनाई जाए। या फिर उन्हें वापिस सिरियासर में शामिल किया जाए। हम फुटबॉल नहीं बनेंगे।

# पीएम सूर्यघर योजना के लाभार्थियों को बांटे गए इंडक्शन कुक टॉप

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** पीएम सूर्यघर योजना के लाभार्थियों को सरकार द्वारा इंडक्शन कुक टॉप का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को अजमेर डिस्कॉम के एसई कार्यालय में भी लाभार्थियों को इंडक्शन कुक टॉप का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेंद्र भांबू थे। इस मौके पर अजमेर डिस्कॉम के एसई महेश टीबड़ा ने बताया कि जिले में 200 से अधिक इंडक्शन कुक टॉप बांटे जाने है। अब तक 130 इंडक्शन कुक टॉप बांटे जा चुके है। वहीं जल्द ही नवलगढ़, मुकुंदगढ़ गुढ़ागौड़जी और मंडावा आदि क्षेत्रों में भी पीएम सूर्यघर योजना के लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर इंडक्शन कुक टॉप बांटे जाएंगे। इस मौके पर विधायक राजेंद्र भांबू तथा अजमेर डिस्कॉम एसई महेश कुमार टीबड़ा ने फ्री बिजली के लिए पीएम सूर्यघर योजना का अधिक से अधिक फायदा लेने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की फ्लेगशिप योजनाओं में पीएम सूर्यघर योजना शामिल है। इससे ना केवल उपभोक्ता अपना बिजली बिल शून्य कर सकता है। बल्कि राजस्थान को बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में भी अपना योगदान दे सकता है। उन्होंने बताया कि पहले इस योजना के लिए तीन किलोवॉट के सोलर लगाने पर सिर्फ केंद्र सरकार सब्सिडी दे रही थी। लेकिन अब भजनलाल सरकार ने भी अतिरिक्त सब्सिडी शुरू कर दी है। इससे करीब 95 हजार की सब्सिडी एक तीन किलोवॉट का सोलर लगाने पर मिल रही है। यही नहीं शेष रूपयों के लिए बैंक भी आसानी से और कम ब्याज का लोन दे रहे है। एसई महेश कुमार टीबड़ा ने बताया कि पीएम सूर्यघर योजना के लाभार्थियों का कहना है कि वे ना केवल अपने भारी भरकम बिलों को 400—500 रूपए तक ले आए है। बल्कि कुछ लाभार्थी तो ऐसे है। जो ना केवल बिजली का उपयोग कर रहे है। बल्कि निगम को अपने सोलर से उत्पादित बिजली बेचकर पैसा भी ले रहे है। इस मौके पर एक्सईएन विजयपाल लालपुरिया, वरिष्ठ लेखाधिकारी डॉ. योगेंद्र शर्मा तथा पूर्व पार्षद कुलदीप पूनियां समेत अन्य मौजूद थे।

# व्यापारियों को जीएसटी कार्यालयों और फाइनेंस एक्सपर्टस के नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर

### प्रदेश में ई टैक्स आफिसर (टेक्सपेयर) पोर्टल किया लॉन्च, संभवतया ऐसा पोर्टल शुरू करने वाला राजस्थान पहला राज्य बना



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** सूबे की भजनलाल सरकार लगातार हर वर्ग के लिए सुविधाओं का इजाफा किए जा रही है। इसी क्रम में व्यापारियों के लिए भी अब भजनलाल सरकार ने ई टैक्स आफिसर (टेक्सपेयर) पोर्टल लॉन्च कर दिया है। जिससे अब व्यापारियों का अपना जीएसटी का स्टेटस देखने और उसमें विभाग द्वारा पकड़ी गई कमियों को दूर करने के लिए ना तो जीएसटी कार्यालयों के और ना ही अपने फाइनेंस एक्सपर्ट के चक्कर लगाने पड़ेंगे। बुधवार को इस नए पोर्टल की जानकारी व्यापारियों को देने के लिए झुंझुनूं के छावनी बाजार स्थित श्री गल्ला व्यापार संघ के कार्यालय में जागरूकता सेमीनार का आयोजन किया गया। इस सेमीनार को संबोधित करते हुए स्टेट जीएसटी के संयुक्त आयुक्त उमेश जालान ने संबोधित किया। उन्होंने व्यापारियों को बताया कि इस नए पोर्टल से पिछले पांच सालों की सभी जीएसटी रिटर्न का लेखा जोखा मिलेगा। वहीं वर्तमान में जो रिटर्न जा रही है। जिनमें इनपुट मिस मैच के साथ—साथ जिस व्यापारी का जीएसटी रजिस्ट्रेशन कैंसिल हो गया है। उसके द्वारा किए गए बिल से व्यापारी द्वारा ली जाने वाली इनपुट की भी जानकारी मिलेगी। ताकि भविष्य में कोई समस्या का सामना ना करना पड़े। साथ ही ई वे बिल आदि की जानकारी मिलेगी। व्यापारियों की जीएसटी रिटर्न फाइलिंग के समय रह गई कमियों की जानकारी प्राप्त कर समय पर दूर कर सकेंगे। ताकि भविष्य की परेशानियों से बचा जा सके। जालान ने बताया कि इसके अलावा व्यापारियों को जीएसटी के संबंधित में जो नोटिस दिए जाएंगे। उसके लिए भी इस पोर्टल में विशेष व्यवस्था की गई है। जब भी व्यापारी पोर्टल पर अपना अकाउंट ओपन करेगा। तभी उसे नोटिस संबंधी जानकारी अलर्ट के रूप में दिखेगी। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल का उपयोग व्यापारी अपनी एसएसओ आईडी से फर्म का जीएसटी नंबर लिंक करके ले सकेगा। इसको चलाना बेहद आसान है। जो ना केवल अपने लैपटॉप, कंप्यूटर, बल्कि मोबाइल में भी चला सकेगा। माना यह भी जा रहा है कि जीएसटी में व्यापारियों के लिए इस तरह के पोर्टल की शुरूआत कर उन्हें सहायता देने वाला राजस्थान पहला राज्य है। इस पोर्टल को एआई तकनीक के साथ संचालित किया जा रहा है। रिफंड से संबंधित व अपील से संबंधित डाटा भी रहेंगे। इससे पूर्व श्रीगल्ला व्यापार संघ की ओर से जॉइंट कमिश्नर उमेश जालान, सहायक आयुक्त सुनिल जानूं, प्रवीण, कुसूम, राज्य कर अधिकारी शक्ति सिंह एवं ओएस सुनील मीणा का व्यापारियों ने स्वागत अभिनंदन भी किया। इस अवसर पर श्रीगल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष आनंद टीबड़ा, मंत्री विपिन राणासरिया, कोषाध्यक्ष विनय सोलानावाला, नितेश बंका, भामाशाह विश्वनाथ टीबडा, नवनीत सिंघानिया, सिराजुद्दीन तेली, डॉ. डीएन तुलस्यान, सुनिल तुलस्यान, महेंद्र तुलस्यान, अनिल गाडिया, विवेक ढेढिया, गुड्डू ढेढिया, पवन गुढ़ावाला, सुरेश हेतमसरिया, विनोद तुलस्यान, बजरंग खतेहपुरा, चंद्रप्रकाश टीबड़ा, अंकित चुड़ैलेवाला, बुद्धिप्रकाश टेकड़ीवाल, मुकेश जालान, मोहित गुढ़ावाला, दीपक मस्करा सहित अन्य व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. डीएन तुलस्यान ने किया एवं कर विभाग से आए अधिकारियों एवं व्यापारियों को धन्यवाद मंत्री विपिन राणासरिया द्वारा दिया गया।

**इसी वर्ष से शुरू किया पोर्टल :** संयुक्त आयुक्त उमेश जालान ने बताया कि भजनलाल सरकार ने इसी साल से यह पोर्टल शुरू किया है। जिसमें 2020—21 से लेकर अब तक डाटा मौजूद है। सभी व्यापारियों को इसकी जानकारी देने के लिए व्यापार संघों की मदद से ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाया जा रहा है। व्यापारियों के बीच जाकर ना केवल उन्हें इस पोर्टल की जानकारी दी जा रही है। बल्कि उनकी जीएसटी से जुड़ी अन्य शंकाओं का भी समाधान जीएसटी अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।

# ईवीएम के विरोध में कार्यकर्ताओं ने दी गिरफ्तारियां

**झुंझुनूं।** भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेशव्यापी आह्वान पर बुधवार को जिला मुख्यालय पर भी प्रदर्शन किया गया। मोर्चा के प्रदेश महासचिव ओमप्रकाश सेवदा के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता अंबेडकर पार्क में इकट्ठा हुए। जहां से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आक्रोश रैली निकाली। यह रैली पीरूसिंह सर्किल और शहीद स्मारक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां पर प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश महासचिव ओमप्रकाश सेवदा ने बताया कि ईवीएम मशीनों को बैन करने, बैलेट पेपर से चुनाव करवाने, संख्या के अनुमात में हिस्सेदारी देने, ओबीसी की जाति आधारित जनगणना करवाने, बोध गया टेम्पल एक्ट 1949 को समाप्त करने जैसी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद बड़ी संख्या में मोर्चा कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी देकर अपना विरोध दर्ज कराया। इन सभी गिरफ्तारी देने वाले कार्यकर्ताओं को पुलिस एक बस और एक ट्रक में बैठाकर ले गई और बाद में दूर स्थान पर ले जाकर छोड़ दिया। सेवदा ने बताया कि भारत मुक्ति मोर्चा लगातार ईवीएम मशीन और ईवीएम मशीनों से चुनाव करवाने का विरोध कर रहा है। इसी क्रम में आज पूरे देश में जिला मुख्यालय पर जेल भरो आंदोलन के तहत गिरफ्तारियां दी गई। जब तक सरकार ईवीएम मशीनों को बंद कर वापिस बैलेट पेपर से चुनाव नहीं करवाएंगी।

### चिराना का सबसे बड़ा धार्मिक कार्यक्रम आज से

**खिरोड़।** चिराना कस्बे में पहाड़ी पर स्थित श्रीगढ़ बालाजी धाम पर वार्षिक तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम गुरूवार से शुरु होंगे। गढ़ बालाजी सेवा समिति के दिलीप सिंह राठौड़ व लोकेश शर्मा ने के मुताबिक गुरुवार शाम को चार बजे गणेश मंदिर से गढ़ बालाजी तक विशाल निशान यात्रा निकलेगी। निशान यात्रा का प्रमुख आकर्षण महाबली हनुमान होंगे। शुक्रवार को शाम सवा चार बजे से गढ़ बालाजी मंदिर में सैंकड़ों श्रद्धालु एक साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ करेंगे। शनिवार सुबह सवा आठ बजे सर्वमंगल कामना महायज्ञ होगा। शाम को सवा सात बजे भव्य श्रृंगार दर्शन और महाआरती होगी और उसके बाद रात साढ़े आठ बजे से विराट भजन संध्या के कार्यक्रम होंगे।

# निजी स्कूलों की मनमानी : सरकारी आदेशों की उड़ा रहे धज्जियां

### आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों से भी किताबों का ले रहे भारी शुल्क

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** शिक्षा नगरी के नाम से मशहूर कुचामन में निजी स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाले बच्चों को निजी स्कूलों द्वारा निशुल्क मिलने वाले किताबें नहीं दी जा रही है। किताबें नहीं मिलने से बालकों के अभिभावक परेशान हो रहे हैं। निजी स्कूलों के निशुल्क सीटों पर प्रवेश लेने के संबंध में आरटीई एक्ट में दिए गए प्रावधान के मुताबिक बच्चों को पाठ्य पुस्तकें स्कूल की ओर से निशुल्क उपलब्ध करवाई जाती है, लेकिन कई स्कूल संचालक सरकार द्वारा किताबें के लिए कम ही राशि मिलने की बात कहकर बच्चों को निशुल्क किताबें नहीं उपलब्ध करवा रहे है। इससे अभिभावक अपने बच्चों की पढ़ाई को लेकर परेशान है। अभिभावक अजहरुद्दीन ने बताया कि उसने अपने बेटी का आरटीई के तहत एक निजी स्कूल में एडमिशन करवाया था। एडमिशन होने के बाद जब स्कूल संचालकों से किताब के लिए पूछा तो उन्होंने किताब देने से इंकार कर दिया। छोटू लाल ने बताया कि 5 साल पहले अपनी बेटी भाग्य श्री का इसी स्कूल में दाखिला करवाया था। तब से लेकर आज तक निशुल्क किताबें नहीं मिली हैं। इस संबंध में कई बार स्कूल संचालकों से बात की, लेकिन उन्होंने किताबें देने से स्पष्ट मना कर दिया। निजी स्कूलों की मनमानी से आरटीई के तहत अध्ययनरत विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। कई अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल में विद्यार्थियों को निशुल्क किताबें नहीं दी जा रही हैं। जबकि स्कूल किताबों के नाम पर भी सरकार से राशि पुनर्भरण करा रहे हैं। राशि मिलने के बाद भी निजी स्कूल विद्यार्थियों को निशुल्क किताबें नहीं दे रहे हैं। इन सीटों पर दुर्बल व असुविधाग्रस्त समूह के विद्यार्थी पढ़ रहे हैं जो इन स्कूलों की महंगी किताबें नहीं खरीद सकते है। छोटी कक्षा के बच्चों का पाठ्य क्रम भी निजी स्कूलों द्वारा अपनी मर्जी से 3000 से 4000 रुपए तक दे रहे हे ,प्रत्येक स्कूल अपना पाठ्य क्रम अलग अलग रखती है, कई स्कूल तो हर साल पाठ्य क्रम बदलती रहती हैं, जिससे मध्यम श्रेणी के बच्चे अपने से बड़ी कक्षा के बच्चों का पाठ्य क्रम भी नहीं पढ़ सकते हैं इधर, निजी स्कूल संचालकों ने बताया कि सरकार की ओर से हमें किताबों के लिए 200 रुपए लगभग मिलते हैं। ऐसे में किताबें उपलब्ध करवाने में परेशानी आ रही है। लेकिन कई स्कूल संचालक प्रिंट रेट ही बच्चों से वसूलते है, जबकि आरटीई के तहत आने वाली राशि भी नहीं छोड़ते हैं, जबकि काफी स्कूल संचालक आरटीई के तहत आने वाली राशि माफ करते हुए अलग से प्रिंट रेट ज्यादा होने के कारण 40 से 50 प्रतिशत तक की छूट दे रहे हैं। शिक्षा विभाग को नियमानुसार ऐसी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गरीब बच्चों को उनका हक दिलाना चाहिए।

संस्थाओं को आरटीई के तहत निशुल्क किताबें उपलब्ध करवानी पड़ेगी। इस संबंध में राज्य सरकार ने भी आदेश जारी कर दिए हैं। अभिभावकों से जानकारी ली जाएगी। इस संबंध में लिखित शिकायत होने पर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**दिनेश सिंह चौधरी, कार्यवाहक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कुचामन सिटी।**

# फ्री मेडिकल कैंप आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय पर स्थित मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल ढूकिया अस्पताल श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम के तहत फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन कर रहा है। इसी क्रम में बुधवार को गांधी पार्क में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें न्यूरो विशेषज्ञ डॉ. नितिन चौधरी, गुर्दा एव मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय ओला, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. महेंद्र एवं जनरल फिजीशियन डॉ. इरफान नजीर, डॉ. अपूर्व मान, डॉ. रिसब चौधरी द्वारा स्वास्थ्य संबंधित सलाह व परामर्श दिया गया एवं निशुल्क बीपी, शुगर, अस्थमा एवं हिमोग्लोबिन की जांच की गई। जिसका बढ़िया प्रभाव रहा व लोगों ने बताया कि यह ढूकिया हॉस्पिटल द्वारा की गई बढ़िया पहल है। जिससे सुलभ व सुगम तरीके से सुपर स्पेशिलिटी सलाह व परामर्श शिविर उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस नवाचार के लिए ढूकिया हॉस्पिटल प्रबंधन का धन्यवाद दिया। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर आयोजित हो रहे इन कैंपों की श्रृंखला में गुरूवार 10 अप्रेल को अंतिम शिविर शहर के परिजात पार्क में निशुल्क चिकित्सा सलाह एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की है कि विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निशुल्क चिकित्सा सलाह एवं परामर्श शिविर का लाभ उठाएं। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि अस्पताल में एक ही छत के नीचे सुपर स्पेशलिटी न्यूरो एवं स्पाइन विशेषज्ञ, गुर्दा व मूत्र रोग विशेषज्ञ, घुटना कूल्हा ट्रांसप्लाट व हड्डी जोड़ सर्जरी व ट्रोमा, बीपी शुगर, अस्थमा, पित्त की थैली, अपेंडिक्स का ईलाज ईसीएचएस, आरजीएचएस, चिरंजीवी (मा योजना) में निशुल्क निदान की सेवाएं 24 घंटे सातों दिन उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# ...और यूं हमेशा के लिए खिंवाड़ा में ही बस गए बालाजी भगवान

## तैयारियां पूरी, खिंवाड़ा बालाजी महाराज का मेला आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** कस्बे सहित अरावल, तराई, कांठा व गोडवाड़ इलाके के आराध्य देव खिंवाड़ा बालाजी महाराज का मेला गुरुवार को भरा जाएगा। मेले को लेकर समूचा कस्बा दुल्हन की तरह सज धजकर तैयार हो गया है। दूसरी तरफ लोगों के अन्यत्र प्रवास पर रहने के चलते सालभर बंद रहने वाले घरों के ताले भी खुल गए है। कस्बे के बाजारों में भी रौनक आ गई है। ट्रस्ट मंडल, मेला सेवा समिति, खिंवाड़ा व्यापार संघ व मेला आयोजक मनोजकुमार खांटेड़ परिवार की ओर से अरावल के 72 गांवों में घर-घर जाकर सपरिवार मेले में आने का न्यौता दिया गया है। 72 गांवों केग्रामीण आयोजन के साक्षी बनेंगे व महाप्रसादी ग्रहण करेंगे।




### एक ही जाजम पर ग्रहण करते है महाप्रसादी

खिंवाड़ा बालाजी मेले में आपसी प्रेमभाव से बिना किसी भी भेदभाव के 72 गांवों के 36 कौम के 40 हजार श्रद्धालु एक ही जाजम पर बैठकर प्रसादी ग्रहण करते है।

### यूं स्थापित हुई प्रतिमा

एक दंत कथा व बालाजी मंदिर के पुजारी छगनलाल रावल के अनुसार खिंवाड़ा कस्बे की स्थापना के पश्चात समीपवर्ती मेवी कला गांव से बालाजी की शोभायात्रा बेलगाड़ी में सवार होकर जोधपुर जा रही थी। इस दौरान खिंवाड़ा कस्बे में पहुंचने पर वर्तमान में गढ़ के समीप बेलगाड़ी के पहिए खराब हो गए। जिससे बेलगाड़ी को यहां पर रोककर दूसरी बेलगाड़ी की व्यवस्था कर खराब पड़ी बेलगाड़ी में विराजित बालाजी की मूर्ति को उतारने का प्रयास किया जाने लगा। लेकिन खराब पड़ी बेलगाड़ी में विराजित बालाजी की मूर्ति टस से मस नहीं हुई। फलस्वरूप बालाजी की मूर्ति सदा के लिए यहीं पर स्थापित कर दी गई। इसी के साथ एक कहावत भी बन गई कि खिंवाड़ा में जो भी बाहर से आकर बसता है वो हमेशा सफल होता है।



### बालाजी ट्रस्ट की बैठक में की तैयारियों पर चर्चा

कस्बे के बालाजी सत्संग भवन में मंगलवार शाम को खिंवाड़ा बालाजी मंदिर सेवा ट्रस्ट की वार्षिक बैठक ट्रस्ट अध्यक्ष घीसूलाल पुनमिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। ट्रस्ट सचिव एडवोकेट निर्मल आचार्य ने बताया कि छत्तीस कौम के कस्बेवासियों की उपस्थिति में आयोजित वार्षिक बैठक में ट्रस्ट कोषाध्यक्ष दीपेश सोनी ने वर्ष 2024-2025 के आय-व्यय का ब्यौरा पेश कर करवाए गए विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी। पिछले तीन साल का ब्योरा भी पेश किया गया। बैठक में ट्रस्ट सचिव आचार्य, उपाध्यक्ष केवलचंद मांडोत, खिंवाड़ा व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष तेजाराम चौधरी, ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल शर्मा, मेला कमेटी अध्यक्ष बहादूरसिंह उदावत, मानव कल्याण सेवा संघ ट्रस्ट सचिव नरपतसिंह उदावत, मेला कमेटी उपाध्यक्ष हस्तीमल टेलर, मेला आयोजक मनोज खांटेड़, उप सरपंच प्रहलाद चौहान, मदनलाल टेलर, भैरुसिंह राजपुरोहित, जितेन्द्र शर्मा, गोपालसिंह उदावत, अमृतलाल खांटेड, अचलाराम घांची, जब्बरसिंह राजपुरोहित सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# कार्यकर्ता कभी भी भूतपूर्व नहीं होते : भंडारी

*भाजपा का स्थापना दिवस एवं सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन*

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** भाजपा का स्थापना दिवस एवं सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन भाजपा मंडल खुडाला फालना के तत्वावधान में रावणा में आयोजत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष करणसिंह नेतरा का सान्निध्य रहा। बाली विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी शरीक हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के संस्थापक और भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। जिलाध्यक्ष भंडारी ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के आधार स्तंभ होते है और वह कभी भूतपूर्व नहीं होते। उन्होंने केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। पूर्व जिलाध्यक्ष नेतरा ने भाजपा के स्थापना से लेकर अभी तक के सफर का बखान किया एवं कहा कि वे आगे आने वाले चुनाव के लिए कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें एवं डबल इंजन की सरकार को मजबूत करने में जुट जाए। जनसंघ और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का माला एवं दुपट्टे के साथ सम्मान किया गया। मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिद्धावत ने नेताओं और देवतुल्य कार्यकर्ताओं का दिल से धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आपका समय समय पर सहयोग मिलता रहे ऐसी आशा करता हूं। हम सभी कार्यकर्ता मिलकर अपनी पार्टी को और अधिक मजबूत बनाएंगे। यह संघर्ष का समय है व भाजपा का हर कार्यकर्ता अपनी मेहनत के साथ कार्य कर पार्टी को मजबूत करेगा।






### यह भी रहे मौजूद

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ललिता रमेश शाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष भरत त्रिवेदी, भोपालसिंह गुर्जर, अमित मेहता, श्यामसिंह जोधा, रूपाराम चौधरी, रमेश शाह, विशाल मीणा, सुमेरसिंह चाणोद, मनीष मालवीय, कुणाल पंवार, जितेंद्र सिद्धावत, प्रितपालसिंह छाबड़ा, छोगसिंह पवार, इंदरसिंह, कल्पेश शर्मा, ललित मालवीय, सुरेन्द्रसिंह, शंकर मेघवाल, अमृत दमामी, श्यामसिंह जोधा, अनिलसिंह, रामकिशोर गोयल, राजेंद्र गुप्ता, महेंद्रचंद भंडारी, नंदकिशोर दवे, दिलीप त्रिवेदी, कुलदीपसिंह बग्गा, गिरीश अग्रवाल, जगदीश सोनी, गुरमुखदास, प्रताप मेघवाल, अशोकपुरी गोस्वामी, फूलेश प्रजापत, गणपत चौधरी, कीकाराम चौधरी, महिपाल परमार, मो गनी कुरेशी, रमेश पटेल, भगवान पटेल, भंवरलाल मालवीय, अश्विन पटेल, दिनेश लोहार सहित कई कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं महिला मोर्चा कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## उप जिला शिक्षा अधिकारी राणावत का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** उप जिला शिक्षा अधिकारी (खेल) बलवीरसिंह राणावत के पदोन्नत होने के बाद पहली बार देसूरी आने पर शारीरिक शिक्षकों की ओर से स्वागत अभिनंदन किया गया। एबीइओ मंगलाराम नायक ने कहा कि इनके पदोन्नत होने से खेल जगत में पाली जिले की नई पहचान बनाने के प्रयास होंगे। राणावत ने कहा कि सभी शारीरिक शिक्षक अपने कर्तव्य का निष्ठा पूर्वक पालन करें और अपने विद्यालय से ज्यादा से ज्यादा राज्य व नेशनल खिलाड़ी तैयार कर पाली जिले में अपने गांव का नाम रोशन करें। सहायक प्रशासनिक अधिकारी दिलीपसिंह भाटी, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक निर्भयसिंह राठौड़ एवं भंवरलाल मेघवाल का भी साफा व माला पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर धनाराम मोबारसा ब्लॉक अध्यक्ष, मदनपुरी गोस्वामी, महेंद्रसिंह गहलोत नारलाई, लालाराम जाट, राजेन्द्रकुमार, अयुबखान, कमलेश पंवार, चम्पालाल, रेखा चौहान, सीमा भाटी, रेखा बाफना, मोनिका थइम, संतोष वैष्णव, राजेन्द्रसिंह राणावत, राजेन्द्रसिंह राजपुरोहित, संग्रामराम देवासी सहित देसूरी ब्लाक के शारीरिक शिक्षक मौजूद थे।

# भूरिया बाबा क्रिकेट प्रतियोगिता में पोमावा विजयी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** उपखंड के पोमावा खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय भूरिया बाबा ि केट प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को सेमी फाइनल व फाइनल मैच के साथ किया गया। आयोजक ध्रुव, दक्ष, शुभम व संतोष ने बताया कि तीन दिवसीय ि केट प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। जिसमें अंतिम दिन सेमी फाइनल व फाइनल मुकाबले खेले गए। सेमीफाइनल में भूरिया बाबा क्लब ने बलुपुरा एवं गलथनी ने अणगौर टीम को हराया। फाइनल मुकाबला भूरिया बाबा क्लब पोमावा एवं गलथनी टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पोमावा टीम ने मनोज के धुंआधार 51 रनों की मदद से निर्धारित 6 ओवर में 82 रन बनाते हुए 83 रनों का टारगेट दिया। रनों का पीछा करने उतरी गलथनी टीम संतोष की घातक गेंदबाजी के आगे 55 रन ही बना सकी। संतोष ने तीन विकेट लिए। पोमावा टीम ने फाइनल का खिताब अपने नाम किया। आयोजकों ने विजेता टीम पोमावा को दो हजार नकद, ट्रॉफी एवं उपविजेता गलथनी टीम को एक हजार नकद राशि व ट्रॉफी से नवाजा गया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच मनोज रहें।





## जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर की चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** पंचायत समिति सभागार में विकास अधिकारी भोपालसिंह जोधा की अध्यक्षता में क्षेत्र की चौबीस ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारियों एवं कनिष्ठ लिपिकों की कार्य समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी ि यान्वयन एवं पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा की गई। जोधा ने अधिकारियों को योजनाओं के त्वरित और पारदर्शी ि यान्वयन के निर्देश दिए। ग्राम स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। बैठक में एइएन कुम्भसिंह भाटी, अतिरिक्त विकास अधिकारी ललित व्यास, ग्राम विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष अचलसिंह सोलंकी, ग्राम विकास अधिकारी ढलाराम चौहान, घीसाराम चौधरी, गलाराम मेघवाल, उम्मेदसिंह राणावत, रूपसिंह चारण, मांगीलाल चौहान, प्रवीण सोनल, रामेश्वरकुमार, अशोककुमार, साक्षी गुर्जर, कनिष्ठ सहायक असलमखान, कालूसिंह रावत, वि मसिंह गहलोत, प्रहलादसिंह सोलंकी समेत समस्त कार्मिक मौजूद रहे।

## खेतलाजी मंदिर से कुछ आग से बाड़ स्वाह

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** निकटवर्ती सारंगवास खेतलाजी मन्दिर से कुछ दूरी पर अज्ञात कारणों से खेत की कांटों की बाड़ आग लगने से स्वाह हो गई। सूचना मिलते ही ट्रस्ट कमेटी ने बिजली की सप्लाई को बंद करवाया। उसके बाद पुलिस और अग्निशमन को सूचना दी। ग्रामीणों ने पा नी डालकर बुझाने का प्रयास किया। कुछ समय बाद अग्निशमन वाहन के पहुंचने पर आग पर काबू पा लिया गया। समय रहते आग बुझा देने से जलती बाड़ के पास मौजूद ट्रांफार्मर सुरक्षित बच गया। इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष भगाराम चौधरी, ट्रस्ट कार्मिक गोतमसिंह, अग्निशमन कार्मिक, पुलिसकर्मी व ग्रामीण मौजूद थे।



## पीपा जयंती महोत्सव 13 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** कस्बे सहित समूचे अरावल व गोडवाड़ क्षेत्र में पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज महासमिति के तत्वावधान में 702वां पीपा जयंती महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर है। महासमिति जवाली के संरक्षक सम्पत सोलंकी खिंवाड़ा ने बताया कि जवाली स्थित ज्वालेश्वर महादेव मंदिर, पीपाजी मंदिर प्रांगण में महासमिति के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय पीपा महोत्सव के तहत शनिवार अपराह्न चार बजे शोभायात्रा व रात्रि में एक शाम पीपाजी के नाम भजन संध्या का आयोजन होगा। दूसरे दिन रविवार सुबह आम सभा व सम्मान समारोह का आयोजन रमे श चावड़ा, डा बिहारीलाल दर्जी व वि' मसिंह भाटी अध्यक्ष पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज पाली के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर महाप्रसादी का भी आयोजन किया जाएगा।

## शिक्षकों व विद्यार्थियों ने लगाए परिंडे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** निकटवर्ती कोडड़ी गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में परिंडा अभियान के तहत पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था के साथ परिंडे लगाए गए। शिक्षकों व विधार्थियों के साथ ग्रामीणों ने सहभागिता निभाते हुए कोटड़ी गांव के चोहटे पर पेड़ों पर परिंडे बांध कर स्वयंसेवी व पक्षीप्रेमी ग्रामीणों व विद्यार्थियो को देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी। अभियान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ग्रामीणों व भामशाहों से आगे आकर सहयोग का आह्वान किया गया। कार्य म में प्रधानाचार्य अशोककुमार घावरी, प्राध्यापक ताराचंद भार्गव, मोहनलाल, शंकरलाल चौहान, स्काउट मास्टर मेघाराम मेघवाल, शोभाकंवर, मगाराम, मनोहरकुमार, विजेंद्रसिंह चम्पावत, सुरेशसिंह जाट, किरणकुमारी, दौलाराम प्रजापत, नथाराम चौधरी, बस्तीमल गर्ग, अचलाराम भादरू, मोहनलाल आदि का सहयोग रहा।

## वैष्णव बनी दुर्गा वाहिनी की नगर संयोजिका

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नाडोल में दुर्गा वाहिनी का गठन किया गया। जिसमें पूजा वैष्णव को नाडोल नगर संयोजिका और निकिता चौधरी को नगर सह संयोजक का दायित्व सौंपा गया। इस दौरान नाडोल बजरंग दल कार्यालय में बैठक रखी गई। जिसमें कर्मठ, लगनशील, कार्य करने वाले कार्य र्ताओं को जोड़ा गया।



# सीसीए पेंशन नियम संशोधन विधेयक के विरोध में सौंपा ज्ञापन

*आंदोलन की चेतावनी*



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

सुमेरपुर। राजस्थान पेंशनर समाज ने केंद्र सरकार के नए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 का विरोध किया है। पेंशनर समाज उपशाखा सुमेरपुर अध्यक्ष बाबूलाल सुथार की अध्यक्षता व नेतृत्व में बुधवार को संरक्षक भैरूसिंह नोवी, मंत्री जसराम चौधरी, रूपचंद, कपूरचंद गर्ग, बलवंतसिंह, गणेशाराम, मांगीलाल गर्ग, फुलाराम, घीसूलाल ने पीएम व वित्त मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार को ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार के इस निर्णय का घोर विरोध करते हुए उन्हें इस विधेयक पर पुनर्विचार कर पेंशनरों के हित में निर्णय लेने का आग्रह किया। पेंशनर समाज अध्यक्ष सुथार ने बताया कि केंद्र सरकार ने वित्त विधेयक में सिविल सेवा पेंशन नियमों में नया अध्याय जोड़ा है। इस प्रावधान से सरकार को सेवानिवृत्ति की तारीख या केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर पेंशनभोगियों के बीच भेदभाव का अधिकार मिल जाएगा। यह विधेयक भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। यह सुप्रीम कोर्ट के डीएस नकारा मामले में 17 दिसंबर 1982 के फैसले के भी विपरीत है। 7वें वेतन आयोग में 1 जनवरी 2016 से पहले और बाद के पेंशनरों के बीच समानता का प्रावधान था। नया विधेयक इस समानता को खत्म कर देगा। 8वें वेतन आयोग में भी 1 जनवरी 2026 से पहले और बाद के पेंशनरों के बीच भेदभाव होगा। 1972 से देश के करोड़ों पेंशनर्स को समान अधिकारों के साथ पेंशन मिल रही है। पेंशनर ने सरकार से विधेयक वापस लेने की मांग की है।

**देसूरी।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित सीसीए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में पेंशनर्स समाज शाखा देसूरी ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पेंशनर्स का कहना है कि यह विधेयक उनके हितों पर कुठाराघात है। सरकार ने संसद में पेश किए जाने वाले इस विधेयक में भारत की संचित निधि से पेंशन देनदारियों के लिए एक नया प्रावधान जोड़ा है। इस प्रावधान के तहत सरकार को पेंशनभोगियों के बीच भेदभाव करने का अधिकार मिल जाएगा। यह भेदभाव सेवानिवृत्ति की तारीख या केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर किया जा सकेगा। राजस्थान पेंशनर्स समाज का आरोप है कि केंद्र सरकार 8वें वेतन आयोग के लाभों से पेंशनरों को वंचित करना चाहती है। यह विधेयक भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करता है। साथ ही यह सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के 17 दिसंबर 1982 के डीएस नाकारा मामले के ऐतिहासिक फैसले की भी अवहेलना करता है। पेंशनर्स समाज ने चेतावनी दी है कि अगर विधेयक से पेंशनरों के हितों पर कुठाराघात संबंधी बिंदुओं को नहीं हटाया गया, तो वे पूरे राजस्थान में आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने चरणबद्ध आंदोलन की योजना बनाई है।



**बाली।** ब्लॉक पेंशनर समाज के अध्यक्ष वरदाराम चौधरी के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी बाली के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रसिंह सोनीगरा ने बताया कि 31 दिसम्बर 2025 तक सेवानिवृत्त पेंशनर्स के हितों पर कुठाराघात करने वाले सीसीए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 का विरोध करते हुए व विधेयक को वापस लेने हेतु ब्लॉक के दर्जनों पेंशनर्स ने नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा।



## लॉयंस क्लब ने अस्पताल में भेंट किया वाटर कूलर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** लॉयंस क्लब इंटरनेशनल के सहयोग से लॉयंस क्लब सुमेरपुर-जवाई द्वारा बुधवार को राजकीय मेहता उप जिला अस्पताल सुमेरपुर में 150 लीटर क्षमता का अत्याधुनिक वॉटर कूलर स्थापित किया गया। क्लब प्रशासक एवं प्रांतीय कॉर्डिनेटर मार्केटिंग श्रवण राठी ने बताया कि वॉटर कूलर का लोकार्पण एसडीएम कालूराम कुम्हार, लायंस क्लब प्रांत 3233श्व-2 के पूर्व प्रांतपाल अरविन्द शर्मा, दिलीप तोशनीवाल एवं वीके त्रिवेदी व क्षेत्रीय अध्यक्ष पंकज अग्रवाल द्वारा किया गया। समारोह में क्लब अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, सचिव मितेश गोयल, कोषाध्यक्ष जोधराज देवड़ा, वरिष्ठ साथी बाबूलाल अग्रवाल, भवानीसिंह राठौड़, सुरेश सिंघल, भूपेंद्र गोयल, दिनेश सिंघल, राकेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, मधुसूदन अग्रवाल, राजकुमार लखोटिया सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।



